nt>

Title: Need to develop the air strip at Shravasti in U.P.into an aerodrome for promoting tourism in the area.

श्री कीर्ति वर्द्धन सिंह (गोण्डा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल श्रावस्ती की ओर आकर्ति करना चाहता हूं। श्रावस्ती बौद्ध धर्म का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहां प्रतिर्वा लाखों की संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी एवं पर्यटक जापान और विश्व के अन्य भागों से अैंते हैं। यहां एक हवाई पट्टी है, जो वर्ाों से बन्द पड़ी है।

अतः मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि उपरोक्त हवाई पट्टी का आधुनिकीकरण करके श्रावस्ती को नियमित हवाई सेवा से जोड़ा जाये और श्रावस्ती को पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाये, जिससे यहां के निवासियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हो सकें और बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार को भी गति प्रदान की जा सके।